मदद शासकीय विभागों सहित निजी क्षेत्रों की संस्थाओं और नागरिकों ने राहत सामग्री की वितरित

बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए उठे सैकड़ों हाथ

राजेश राज/विनय असाटी

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह 31 जुलाई। जिले के कई ग्रामों में आई बाढ़ की त्रासदी में हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन व भारती स्व-सहायता समूह आशा की किरण बने। बीते दिनों जिले के ग्राम झामरा-खमतरा में भारी वर्षा के चलते बाढ़ जैसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई. पानी लोगों के घरों में घुस आया, जिससे घरों का राशन, और आवश्यक घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया. ग्रामीणों के सामने जीवन यापन का संकट खड़ा हो गया. ऐसे कठिन समय में, जब हर तरफ हाहाकार और निराशा का माहौल था, हेल्पिंग हैंड्स फाउंडेशन और मां भारती स्व-सहायता समूह ने मिलकर एक मानवीय पहल की.

दोनों संस्थाओं ने आपसी सहयोग से राहत सामग्री के रूप में नमकीन, बिस्किट, पेयजल की बोतलें, ओआरएस पैकेट तथा तैयार भोजन के पैकेट जरूरतमंद ग्रामीणों तक पहुंचाए. तेंदूखेड़ा तहसील के तारादेही परिक्षेत्र के वनांचल में अत्यधिक बारिश से गांव खमतरा, झमरा, कोसमदा सहित बाढ़ प्रभावित विभिन्न गांव में राशन व भोजन सामग्री सुबह व शाम की व्यवस्था मंत्री धर्मेंद्र सिंह के अनुज सत्येंद्र के मार्गदर्शन में साथियों के माध्यम से की जा रही है. इसमें शासन व प्रशासन का भी सहयोग मिल रहा है. इस दौरान कई नागरिकों ने भी व्यक्तिगत रूप से बाढ़ पीड़ितों की मदद की।

बर्रट छोड़ सभी जगह स्थिति सामान्य

गुरुवार को जिले के पथरिया से निकली कोपरा नदी का जल स्तर कम गया और पथरिया क्षेत्र में नाले नदियां सामान्य है,वहीं तेंदूखेड़ा क्षेत्र में निकली व्यारमा नदी का जलस्तर भी कम हो रहा है, वहां भी स्थिति ठीक है, इधर बांदकपुर के समीप निकली जुझार नदी और भी अन्य नाले, नदियां का जलस्तर कम हो रहा है.इधर पटेरा के बर्रट के पास नदी का पानी सड़क पर अभी है, पुलिस तैनात है. गैसाबाद में जल स्तर लगातार बढ़ रहा है, लेकिन स्थिति सामान्य है. जबेरा के पास भदन नाला (विजय सागर) भी उतर गया है, जहां थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान और भी पुलिस बल मौजूद रहे. इधर तेजगढ़ क्षेत्र में निकलने वाली झापन, खर्राघाट और भी नाले नदियां का जलस्तर कम हो गया है.

बाढ़ पीड़ितों को 400 से अधिक भोजन पैकेट वितरित किये

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय हिंदू महासंघ द्वारा मानवीय पहल की जा रही है, जिसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 400 से अधिक भोजन पैकेट वितरित किये गए. इस मानवीय कार्य में प्रदेश संगठन मंत्री सीताराम पटेल, जिला अध्यक्ष उदित सोनी, जिला उपाध्यक्ष जागेश राठौर, राकेश विश्वकर्मा, प्रहलाद पाल, कमलेश अहिरवार, पवित्र राज्य, मुकेश पटेल, जितेंद्र अहीरवार, रितेश सेन, अजय सोनी, दीपेश रैकवार व संगठन के अन्य सदस्य बाढ़ पीड़ितों की सहयोग हेतु तत्पर हैं.

वनमंडल अधिकारी ने भी की मदद

वनमंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे के निर्देश पर और तेंदूखेड़ा उप वन मण्डल अधिकारी प्रतीक दुबे के मार्गदर्शन में तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल, स्टॉप के साथ टेड महगवा ग्राम पहुंची. बाढ़ग्रस्त परिवार की समस्या सुन खाद्य सामग्री और अनाज का वितरण किया.वितरण के दौरान सर्किल ऑफिसर भगवान दास सेन, बीटगार्ड अभिषेक मोदी, कपिल ठाकुर, इंद्र यादव मौजूद रहे.

ऋषि सिंह परिहार द्वारा राहत सामग्री प्रदान

दमोह के समीप बांसा निवासी ऋषि सिंह परिहार के द्वारा आज कलेक्ट्रेट जनसुनवाई कक्ष में पहुंचकर 21 किट, जिसमें दाल, नमक, चीनी, आटा, और मसाले के साथ जरूरतमंद बाढ़ प्रभावितों व्यक्तियों को राहत सामग्री प्रदान की गई।

गोपालपुरा में भारी बारिश से जन जीवन अस्त-व्यस्त

HELPING HANDS FOUNDATION

तेंदूखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुरा व बिल्तरा में केकड़ा नाला व व्यारमा नदी के उफान के चलते गांव में पानी भर गया. जिससे लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया.प्रशासनिक अधिकारियों ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के लिए यथासंभव मदद पहुंचाई अत्यधिक बारिश होने से गांव में हजारों एकड़ खेती खराब हुई. साथ ही गांव की सड़कों को भी भारी नुकसान हुआ.

मेडिसिन स्टाल

स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ताओं द्वारा सुबह 9 से 10 बजे तक भ्रमण कार्य व सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक मेडिसिन स्टॉल पर प्रभावितों का इलाज किया गया.

राहत सामग्री वितरित

बाढ़ ग्रस्त ग्राम झमरा, खमतराई में एसडीएम तेंदूखेड़ा सौरभ गंधर्व, तहसीलदार डॉक्टर विवेक व्यास, सीईओ जनपद मनीष बागरी के अलावा और भी अधिकारी कर्मचारियों ने पहुंचकर गांव में अनाज, कपड़ा और भी सामग्री वितरित कर रहे थे.

पूर्व विधायक पहुंचे

जबेरा के पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी ने बाढ़ग्रस्त ग्रामों जिनमें सर्रा, कूदपूरा सहित दर्जनों ग्राम पहुंचकर बाढ़ग्रस्त परिवारों की समस्या सुनी. साथ ही उन्हें उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया.

फसलों की क्षति का सर्वे किया जाए : कोचर

▶ कलेक्टर मोटरसाईकिल से पहुंचे रमगढ़ा विद्यालय

नवभार,दमोह 31 जुलाई। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि ग्रामवासियों ने मुझे रास्ते में रोक कर ग्राम का रास्ता व स्कूल का निरीक्षण करने के लिए कहा था जिसके तहत में वहां गया।

उन्होंने इस दौरान रमगढ़ा, कोटा, सिमरी शुक्ला, बर्रट पहुंचे. ग्रामीणों और किसानों से चर्चा की और वर्षा के मद्देनजर घरों में किसी तरह की क्षति तो नहीं हुई, गांव में पानी तो नहीं भरा, आदि प्रश्न किए. जिस पर ग्रामवासियों ने बताया कि घरों में किसी तरह का बाढ़ से नुकसान नहीं है, परंतु खेतों में जरूर पानी भरने से फसलों को क्षति हुई हैं। कलेक्टर कोचर ने मौके पर मौजूद तहसीलदार उमेश तिवारी से कहा कि सर्वे दल गठित कर सर्वे सभी जगह कराया जाए. सर्वे टीम में राजस्व का पटवारी के साथ कृषि और पंचायत के कर्मचारियों को आवश्यक रूप से शामिल कर थोड़ी गति से कार्य करने के निर्देश दिए।

सीएमओ हटा ने ब्यारमा नदी का निरीक्षण किया

मुख्य नगर पालिका अधिकारी हटा रितु पुरोहित द्वारा ब्यारमा नदी का निरीक्षण किया व नदी के जलस्तर की स्थिति को देखा संबंधितों को विभिन्न दिशा निर्देश दिए।

आवारा कुत्तों ने हिरण पर किया हमला

नवभारत,दमोह 31 जुलाई. नरसिंहगढ़ में आवारा कुत्तों ने हिरण पर हमला कर जिससे हिरण घायल हो गया. नरसिंहगढ़ के टंडन पेट्रोल पंप के बाजू से हिरण एक खेत में घायल अवस्था में कीचड़ में फंसा हुआ था. जहां डॉक्टर, वन विभाग और पुलिस ने पहुंचकर घायल हिरण का उपचार कर सुरक्षित जगह रखा.

एक नजर में

पुलिस ने 28 पेटी अवैध शराब की जब्त

नवभारत,हटा 31 जुलाई। पुलिस अधीक्षक सोमवंशी, एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया व एसडीओपी हटा प्रशांत सिंह सुमन के निर्देशन में हटा थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही रही. थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में बुधवार को ग्राम इटवा के आंगनबाड़ी केंद्र के समीप त्रिलोक सिंह लोधी के बंद कमरे में दबिश देकर करीब 1 लाख 40 हजार रुपए कीमत की 28 पेटी अवैध शराब जब्त की गई. मौके से आरोपी फरार हो गया. पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। जिले के तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया चौकी प्रभारी अक्षेंद्र नाथ, भगवत सहित पुलिस स्टाफ ने घेराबंदी कर 561 पाव अवैध शराब पकड़कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। शराब व कार कीमत 5 लाख से अधिक बताई गई है.

अवैध अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई

नवभारत,दमोह 31 जुलाई. शहर में प्रतिष्ठानों के बाहर सड़क पर होडिंग रखकर अवैध अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जा रही है.जिसमें मुख्य रूप से विशेष योगदान यातायात दलबीर सिंह मार्को सहित पुलिस का रहा.जहां पुलिस ने जप्ती बनाकर अग्रिम कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जाएगा.

एक पेड़ माँ के
स्थान : श्री गोवर्धन
(धेनु वन) बांदकपुर

चौकी स्थापित होने पर पौधा रोपण किया

नवभारत,दमोह 31 जुलाई। सावन माह के तीसरे सोमवार को मंदिर की जमीन में बनी पर्यटन शाला में चौकी स्थापित होने पर डीआईजी सागर सुनील कुमार पांडे,एडिशनल एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर, चौकी प्रभारी रोहित द्विवेदी, बांदकपुर चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा,ऋषि सिंह परिहार, शंकर गौतम, चंद्रपाल ने पौधा रोपण किया.

सनी लाल को पीएचडी की उपाधि

नवभारत,दमोह 31 जुलाई। सैम ग्लोबल यूनिवर्सिटी,भोपाल द्वारा सनी लाल को वनस्पति शास्त्र में डॉक्टरेट (पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई. उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. प्रियंका तिवारी के निर्देशन में पूर्ण किया. उनके शोध का विषय था फैबेसी परिवार के महत्वपूर्ण औषधीय पौधे के प्रकाश-रासायनिक और रोगाणुरोधी गुणों का मूल्यांकन यह उपलब्धि औषधीय पौधे के क्षेत्र में पौधों के प्रकाश-रासायनिक और रोगाणुरोधी गुणों का मूल्यांकन में एक नई खोज की मिसाल है. सनी लाल ने इस उपलब्धि का माता-पिता को दिया है.

ईकेवाईसी कैंप का सीएमओ ने किया निरीक्षण

नवभारत,दमोह 31 जुलाई. नगर पालिका द्वारा वार्डों में ईकेवाईसी कैंप संचालित किए जा रहे हैं जिसमें बड़ी तादाद में लोग केवाईसी करने के लिए पहुंच रहे हैं.

गुरुवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी ने धर्मपुरा वार्ड सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल में चल रहे ईकेवाईसी कैंप का निरीक्षण किया और लोगों की समस्याओं को सुना. इसके बाद तत्काल ही निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देशित किया।

विद्यार्थियों ने आईएफए टैबलेट का किया सेवन

नवभारत,दमोह 31 जुलाई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सादपुर के प्राथमिक शाला एवं शासकीय हाई स्कूल (कक्षा 6 वीं से 10 वीं तक) में पहुँचकर छात्र-छात्राओं को सामूहिक रूप से आयरन (आई.एफए.) टैबलेट का सेवन कराया। बच्चों को रूचिकर रूप से दस्त प्रबंधन में ओ.आर.एस., जिंक टैबलेट सेवन के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर शाला के प्राचार्य बालचंद जैन और सीबीएमओ बटियागढ़ डॉ. महेश सिंह लोधी, जिला विस्तार व माध्यम अधिकारी, बी.पी.एम. भी मौजूद रहे।

असाटी खमरिया से सकोर पहुंची कांवड़ यात्रा

नवभारत,गैसाबाद 31 जुलाई। गुरूवार सुबह 9 बजे जयकुमार असाटी के नेतृत्व में ग्राम असाटी खमरिया से कावड़ यात्रा प्रारंभ होकर सकोर धाम प्रस्थान हुई, जो ग्राम बरखेड़ा, हिनौता होते हुए बम-बम के जयकारे लगाते हुए सकोर पहुंची. इसमें महिला समिति पूजा असाटी,शालिनी, सविता, कंचन, शिखा, उर्मिला, राधिका, खुशबू, रंजीता, दमयंती, विमला, रजनी, युवा महिला समिति से छोटी अनुप्रिया, अनुराधा, साक्षी, अदिति, गौरी, रिद्धि, रूपाली असाटी, नर्मदा असाटी, गौरव, कृष्णा, पार्थ, शौर्य, सिया,युवा समिति से दशरथ,कैलाश, प्रमोद,महेंद्र, राम, ओम, अमित, सजल, कृष्ण असाटी और कुशवाहा समाज द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया. इस दौरान समस्त असाटी समाज खमरिया कलार मौजूद रहा.

एएनएम लीला खरे हुई सेवानिवृत्त

नवभारत,मडियादो 31 जुलाई। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मडियादो में पदस्थ एएनएम लीला खरे का सेवानिवृति कार्यक्रम आयोजित किया गया. इसमें क्षेत्रीय स्वास्थ्यकर्मियों सहित वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए. कार्यक्रम में मडियादो में पदस्थ डॉ. केसी आर्य ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि मेरी पदस्थापना से पहले वह इस क्षेत्र में पदस्थ हुई और क्षेत्र में स्वास्थ सेवाएं घर तक पहुंचाई. उन्होंने बताया कि जिस समय उनकी पदस्थापना हुई थी, उस समय मडियादो उपस्वास्थ केंद्र था और 50 गांव के लोग उपस्वास्थ केंद्र पर आश्रित थे और इलाज की सुविधा प्राप्त करते थे. सीबीएमओ उमाशंकर पटेल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में एएनएम लीला खरे द्वारा बेहतर सेवाएं दी गईं. इस दौरान डॉ प्रदीप तंतुवाय, बीईई अलका शिवहरे, फार्मासिस्ट श्रीराम गोस्वामी, एएनएम विनी लाल, ऋतु अहिरवार, राधा हरदा, मालती पटेल, केसर देवी, तामेश्वरी, प्रीति तिवारी, दिलीप सिंह, पिंकी राजपूत, आदित्य सोनी, रमाकांत मिश्रा, रामनरेश विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे.

नि :शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर कल

नवभारत,दमोह 31 जुलाई। सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर व द्वारकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बस स्टैंड परिसर में आगामी 2 अगस्त शनिवार को दोपहर 12 बजे से अपरांह 3 बजे तक एक दिवसीय नि: शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इस सम्बन्ध में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन यादव ने बताया कि उक्त शिविर में चिन्हित होने वाले मरीजों का उपचार आयुष्मान भारत योजना कार्ड के माध्यम निशुल्क किया जाएगा.

रिश्वतखोर बैंक प्रबंधक को 4 साल की सजा

किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के एवज में 10000 रूपये की रिश्वत मांगी थी

नवभारत,दमोह 31 जुलाई। विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम दमोह संतोष कुमार गुप्ता की अदालत ने आरोपी प्रभाकर कुमार तत्कालीन शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक सदगुवा तहसील पथरिया को दोषसिद्ध पाते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत 4 वर्ष का सश्रम कारावास व 2000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया. अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक अनंत सिंह ठाकुर द्वारा की गई व प्रकरण में विवेचना डीएसपी मंजू सिंह द्वारा की गई.मामले में दस्तावेजी साक्ष्य व मौखिक साक्ष्य व अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों से सहमत होकर न्यायालय द्वारा 30 जुलाई को पारित निर्णय में आरोपी प्रभाकर कुमार को दण्डित किया गया.

खड़ी फसलों को हुआ भारी नुकसान : सिंह

नवभारत,दमोह. दो दिनों में काफी बारिश हुई है इसके कारण क्षेत्र में काफी नुकसान देखने को मिल रहा है बाढ़ का प्रकोप तारादेही क्षेत्र में देखने को मिला है. ऐसा पिछले 50 वर्षों में देखने को नहीं मिला. यह बात तेंदूखेड़ा में राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी के अनुज सत्येन्द्र सिंह नें तेंदूखेड़ा में मीडिया से चर्चा करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के 18 गांव प्रभावित हैं प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी के निर्देश पर मैं इन क्षेत्रों के भ्रमण पर पहुंचा हूं. यहां पर काफी घर प्रभावित हुए हैं. खेतों में फसलों को नुकसान और लोगों के घरों में अनाज का भी नुकसान हुआ है।

आयोजन विरागोदय तीर्थक्षेत्र धर्मधाम में जैन धर्म के 23वें तीर्थकर भगवान पारसनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर कार्यक्रम

धर्म-संस्कृति की रक्षा करना है तो धर्मात्मा की रक्षा करो : विशुद्ध सागर

नवभारत,पथरिया 31 जुलाई। विरागोदय तीर्थक्षेत्र धर्मधाम में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस पर आचार्य विशुद्ध सागर ने विश्व में अनेक देश हैं, अनेकानेक लोग हैं, सबके अपने-अपने विचार हैं, सभी प्राणी अपने-अपने अनुसार ही जीवन जीते हैं। एक व्यक्ति प्रात: उठकर प्रभु दर्शन को जाता है और उसी समय एक व्यक्ति हिंसक कार्य करता है। एक व्यक्ति दान करता है और एक व्यक्ति चोरी करता है। एक बेटा मां की सेवा करता है, एक बेटा मां को घर से निकाल देता है। समय, शक्ति, बुद्धि, मानव कुल, धन-धरती सबको प्राप्त है, परन्तु सभी स्व-बुद्धि से प्रयोग करते हैं।

आचार्य विशुद्ध सागर ने कहा कि संयमी की पूजा होती है, ज्ञानी का सम्मान होता है, विद्वान का सत्कार होता है, परिश्रमी की प्रशंसा होती है। व्यक्ति को प्रतिपल उन्नति के लिए पुरुषार्थ करते रहना चाहिए। जीवन भर अपने यश की रक्षा कर लेना, पुरुषार्थ साध्य है। कच्चा माल ही पक्का होता है। पापी ही पाप छोड़कर धर्म-मार्ग पर आगे बढ़ता है। आटे से ही रोटी बनती है। है। आटा ही फेंक देंगे तो रोटी कैसे बनेगी? पापी को ही मार दोगे तो पाप छोड़कर धर्मात्मा कौन बनेगा। गर्भ की ही रक्षा नहीं करोगे, तो सन्तान कहां से जन्म लेगी? धर्मात्मा के बिना धर्म नहीं होता है। धर्म-संस्कृति की रक्षा करना है, तो धर्मात्मा की रक्षा करो।

मोक्ष सप्तमी पर भगवान पार्श्वनाथ को चढ़ाया निर्वाण लाडू

विरागोदय तीर्थक्षेत्र धर्मधाम में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस श्रावण शुक्ला सप्तमी को मोक्ष सप्तमी के रूप में मनाया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान को नैवेद्य रूप में लाडू चढ़ाया। विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। कमल मंदिर में जैन श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम भगवान का पांडुक शिला पर अभिषेक व शांति धारा कर भगवान की विधि विधान पूर्वक अष्ट द्रव्यों से पूजा-अर्चना की।

संतान संस्कारित होगी तो धर्म-संस्कृति का विकास होगा

उन्होंने कहा कि संतान संस्कारित होगी तो धर्म-संस्कृति का विकास होगा। बीज की रक्षा करो, बीज के अभाव में वृक्ष भी नहीं होंगे। आयु पूर्ण होते ही मृत्यु हो जाती है। मरण हो उसके पहले कुछ अच्छा कार्य करलो। वर्तमान का पुरुषार्थ ही भविष्य का निर्माण करता है। ध्यान-साधना से कर्मों का क्षय होता है। ध्यान आलौकिक-साधना है। जो सूर्य के समान आत्म तेज से देदीप्यमान है, अनन्त सुख, अनुन्त वीर्य, व अनन्त ज्ञान स्वरूप है, सम्पूर्ण संसार का उपकार करने वाला है, आनन्द रूप है, ऐसा आत्मा ही सम्यग्दृष्टि सज्जनों के द्वारा ध्यान करने योग्य है। जो था, है और स्मेशा चैतन्यमयी रहेगा वही आत्मा है।